कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः- 2348/11-सी-FP/UP/Others/23622/2017, लखनऊः दिनांकः मई 16 ,2017

सेवा में,

प्रभागीय निदेशक,
सा0वा0 वन एवं वन्य जीव प्रभाग,
हरदोई।

विषयः- जनपद-हरदोई में हरदोई-लखनऊ (राजमार्ग-25) किमी0 161-224 व हरदोई सांडी मार्ग किमी0 0.0 से 22.50 तक कुल दूरी 85.50 किमी0 के मध्य रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि0 द्वारा मार्ग पटरी पर 0.90 हे0 सरंक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैरवानिकी प्रयोग में ओ0एफ0सी0 बिछाये जाने की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः- मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ का पत्रांक-6235/14-10-4, दिनांक-09.05.2017

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्राप्त विषयगत प्रस्ताव का परीक्षण किया गया। जिसमें परीक्षणोपरान्त प्रस्ताव के आनलाईन एवं हार्डकॉपी में निम्नलिखित कमियाँ/अभिलेखों का आभाव पाया गयाः-

1- वन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, भारत सरकार द्वारा लगाई गयी मानक शर्तो के मान्य होने का प्रमाण पत्र संलग्न है, किन्तु प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं है।
2- क्षतिपूरक वृक्षारोपण पर होने वाले व्यय वहन से सम्बन्धित प्रमाण पत्र/वचनबद्वता संलग्न है किन्तु प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं है।
3- परियोजना से 10 किमी0 की परिधि में कोई सेन्चुरी/वन्य जीव विहार न होने के सम्बन्ध में प्रभागीय निदेशक का प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं है।
4- आनलाईन व हार्डकापी के भाग-2 में हरियाली का घनत्व भिन्न-भिन्न अंकित है, जो त्रुटिपूर्ण है। अतः आनलाईन के अनुसार उचित हरियाली का घनत्व अंकित करें।
5- लोक निर्माण विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है।

कृपया किसी कार्यदिवस में अपने कार्यालय प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्ताव प्राप्त कराकर, इंगित कमियों के निराकरण के पश्चात् पूर्ण प्रस्ताव इस कार्यालय को 03 प्रतियों में उपलब्ध करायें, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(वाई0एस0के0 शेषुकुमार)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः-2348/11-सी- FP/UP/Others/23622/2017, दिनांकित।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ ।
2. प्रबन्धक, रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि0, रोहतास के टेरिडेन्ट सेकेण्ड फ्लोर, 10 राणाप्रताप मार्ग, लखनऊ।

(वाई0एस0के0 शेषुकुमार)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

ACY-1090